-प्रेस नोट

दिनांक 21.07.2024 थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर

दिनांक 21.07.2024 को श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा चलाये जा रहे **"प्रभात प्रहरी"** अभियान के अन्तर्गत थाना क्षेत्र में जगह-जगह संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। दौराने चैकिंग गोपनीय सूचना प्राप्त हुयी कि एक बांग्लादेशी लड़की राधापुरम कश्यपनगर में दो महिला व उसके दोस्त के साथ रह रही थी जो आज बारासिरोही नहर पुल के आगे कही जाने के लिये सवारी के इन्तजार मे खडी है । इस सूचना पर तत्काल पुलिस फोर्स द्वारा बारासिरोही नहर पुल से आगे पहुंचकर एल्डिको से पूर्व सड़क के बायीं ओर खड़ी हुयी दो महिलायें व एक लड़की को महिला पुलिस बल के सहयोग से रोककर नाम पता पूछा तो पहली महिला ने अपना नाम रीना पत्नी भोला प्रसाद कश्यप निवासी 24 परगना थाना नहटी कोलकाता वर्तमान पता किराये का मकान, राधापुरम, कश्यप नगर थाना कल्यानपुर कानपुर नगर दूसरी महिला ने अपना नाम ज्योति निषाद पत्नी विनय निवासी भोगल निजामुद्दीन राजदूत होटल के सामने थाना निजामुद्दीन नई दिल्ली व तीसरी महिला ने अपना नाम नाजमा उर्फ पूजा पुत्री महफूज अली निवासी सूविला फातियाबाद थाना देवीदार जनपद कुमिला बांग्लादेश उम्र करीब 20 वर्ष बताया । **बांग्लादेशी लड़की नाजमा उर्फ पूजा ने पूछताछ में बताया कि मैं लगभग 06 माह पूर्व छिपते छिपाते सीमा पार कर भारत में आयी थी, जिसके पास भारत में आने व रहने से सम्बन्धित कोई वैध अभिलेख (पासपोर्ट/वीजा) नहीं है।** अभियुक्तागण उपरोक्त को समय 12.05 बजे महिला पुलिस की हिरासत में लिया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना कल्यानपुर पर मु0अ0सं0 332/2024 धारा 14(क)/(ख) विदेशी अधिनियम व 61(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता अभियुक्तगण-

1. **नाजमा उर्फ पूजा पुत्री महफूज अली निवासी सूविला फातियाबाद थाना देवीदार जनपद कुमिला बांग्लादेश उम्र करीब 20 वर्ष**
2. **रीना पत्नी भोला प्रसाद कश्यप निवासी 24 परगना थाना नहटी कोलकाता वर्तमान पता किराये का मकान, राधापुरम, कश्यप नगर थाना कल्यानपुर कानपुर नगर**

3. **ज्योति निषाद पत्नी विनय निवासी भोगल निजामुद्दीन राजदूत होटल के सामने थाना निजामुद्दीन नई दिल्ली।**

बरामदगी विवरण-

1. **एक पैन कार्ड,**
2. **डिपेन्डेड आई0डी0 कार्ड,**
3. **पी0एन0बी ए0टी0एम कार्ड,**
4. **02 अदद अंगूठी सफ़ेद धातु,**
5. **पाँच अदद मोबाईल फोन,**
6. **तीन अदद विजीटिंग कार्ड व 849 रूपये**

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री सुधीर कुमार प्रभारी निरीक्षक कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर
2. उ0नि0 श्री सचिन सिरोही चौकी प्रभारी पनकी रोड़ थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर
3. म0उ0नि0 यूटी अलका सिंह थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर
4. हे0का0 1511 विष्णुपाल सिंह थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर
5. हे0का0 981 अखिलेश प्रताप सिंह थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर
6. हे0का0 2124 जनम सिंह थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर
7. म0का0 5174 उपासना मिश्रा थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर
8. म0हे0का0 367 रेखा कुमारी थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर
9. म0का0 3760 रमा थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर